सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ0प्र0–272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

पत्र सं0–552 / सि0वि0वि0 / सम्बद्धता / 2026 — दिनांक– 15 / 06 / 2026

अनुस्मारक

सेवा में,

समस्त अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

विषय–उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 के चिन्हित शिक्षकों एवं आश्रितों को कैशलेस उपचार सुविधा प्रदान किये जाने हेतु लाभार्थियों के विवरण एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्रांक–ए.बी.–पी.एम. जेए.वाई / 2026–27 / 408, दिनॉक–06.06.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षकों व स्ववित्तपोषित मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों तथा उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

तद्क्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षकों व स्ववित्तपोषित मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों तथा उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्राप्त करने हेतु **सर्विस बुक के आधार पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप पर साफ्ट कॉपी एवं प्राचार्य द्वारा प्रमाणित प्रति (हार्ड कॉपी) विश्वविद्यालय के ई–मेल आईडी–sukaffiliation@gmail.com** पर यथाशीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसमें अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत कुल–08 शिक्षकों का डाटा उपलब्ध कराया गया है। किन्तु सर्विस बुक के आधार पर स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों द्वारा एक भी डाटा अद्यतन विश्वविद्यालय को उपलब्ध नही कराया गया है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 के चिन्हित शिक्षकों एवं आश्रितों को कैशलेस उपचार सुविधा का लाभ प्राप्त करने हेतु सूचना यथाशीघ्र विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा कि स्थिति में यह मान लिया जाएगा, कि मुख्यमंत्री कैशलेस उपचार सुविधा हेतु कोई रुचि नहीं ली जा रही है।

नोटः–उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाईन वर्चुअल बैठक दिनांक–11.06.2026 में प्राप्त निर्देश के क्रम में सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अपनी सर्विस बुक अवश्य बनवा लें। जिससे कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकें।

संलग्नकः– शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप।

भवदीय

15/06/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

Ashish